हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

04 देहदान व अंगदान करने वालों को किया...



07 नागरिकों के श्योपुर किले में प्रवेश करने पर क्यों की...





## खबर संक्षेप

### जिले में चाइनीज मांझा के निर्माण, विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

**सागर।** जिले में आयोजित पतंग महोत्सव एवं अन्य अवसरों के दौरान नायलॉन, चीनी एवं कपास से लेपित मांझा (चाइनीज मांझा) के उपयोग से पशु-पक्षियों तथा मानव जीवन को होने वाली संभावित क्षति को देखते हुए जिले में चाइनीज मांझा के निर्माण, विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध किया गया है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट श्री संदीप जी.आर. द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सागर जिले की समस्त राजस्व सीमा में नायलॉन, चीनी एवं कपास से लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के विनिर्माण, भंडारण, विक्रय एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय जनसामान्य के हित, लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

### जनसुनवाई में हुई 166 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 166 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदिनी शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 166 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### आपकी महापौर आपके द्वार शिविर आज

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु 31 दिसंबर दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर मोहननगर वार्ड में बब्बू महाराज की मढिया के पास आयोजित किया जाएगा । मोहन नगर वार्ड के नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में अपनी समस्याओं का निराकरण कराने हेतु उपस्थित हों। महापौर ने जनचौपाल शिविर में उपायुक्त,सहायकआयुक्त, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### डॉ भीमराव अंबेडकर योजनांतर्गत स्वरोजगार के ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी.टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं।

---

ट्रैफिक पुलिस एवं वाहन विक्रेता संयुक्त रूप से शुरू करें जागरूकता अभियान : पुलिस अधीक्षक शाहवाल

# दो हेलमेट के साथ ही बाइक की बिक्री करें, क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाए जाएंगे रेडियम : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



दो हेलमेट के साथ ही दो पहिया वाहन का विक्रय करें एवं ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त अपील कलेक्टर संदीप जी आर ने 2 जनवरी को समस्त ग्रामों में आयोजित सड़क सुरक्षा के संबंध में आयोजित विशेष ग्राम सभा के संबंध में वाहन विक्रेताओं, संचालको की बैठक में की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहगुनिया सहित दो पहिया एवं चार पहिया, ट्रैक्टर ट्रॉली विक्रेता संचालक मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा अभिनव पहल करते हुए जिलेवासियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए 2 जनवरी को सड़क सुरक्षा के तहत विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष में आज दो पहिया, चार पहिया एवं ट्रैक्टर ट्रॉली विक्रेता संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उन्होंने अपील की कि कोई भी दो पहिया वाहन विक्रेता दो हेलमेट के साथ ही अपने वाहन का विक्रय करें एवं यह भी कहा कि उनके शोरूम में सर्विसिंग के लिए आने वाले वाहनों को तभी स्वीकार करें जब संबंधित वाहन मालिक हेलमेट लगाकर आएं। उन्होंने कहा कि 2 जनवरी को जिले की समस्त ग्रामों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में समस्त वाहन विक्रेता ग्राम सभाओं में सहभागिता करें एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जागरूकता अभियान भी चलाएं। इसी प्रकार स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलग से जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सभी शोरूमों में सड़क सुरक्षा के संबंध में वीडियो भी चलाईं जिससे कि शुरू में आने वाले व्यक्ति उन वीडियो को देखकर वाहन चलाते समय संपूर्ण सुरक्षा रख सकें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सर्विसिंग में आने वाली वाहनों में इंडिकेटर मिरर एवं बैक लाइट की आवश्यक चेकिंग करें एवं न होने पर उनको लगाने के लिए कहें, इसी प्रकार नंबर प्लेट के चारों तरफ लाल रंग का रेडियम अवश्य लगाए। उन्होंने निर्देश दिए की कृषि मंडियों में आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर लगातार रेडियम लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जावे जिससे कि सभी ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम लगाए जा सके एवं दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने समस्त ट्रैक्टर ट्राली मालिकों से भी अपील की है कि वह अपने ट्रैक्टर ट्राली पर रेडियम लगाऐं एवं बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी न करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में जिस परिवार का व्यक्ति का निधन या घायल होता है उस परिवार की स्थिति अत्यंत खराब होती है इसलिए जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार ब्लैक स्पॉट को भी चिन्हित कर उनको हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस एवं वाहन विक्रेता संयुक्त रूप से स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर जन जागरूकता अभियान लगातार जारी रखें एवं उनका वीडियो के माध्यम से भी दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी दें हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाएं एवं यातायात की नियमों का शत प्रतिशत पालन करें जिससे कि आप और आपका परिवार सुरक्षित रह सकेगा।

---




# नगर निगम कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं, गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है।

आंदोलन के दूसरे दिन कर्मचारियों ने दादा दरबार हनुमानजी मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कर नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल एवं नगर निगम प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, आंनद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर निगम के समस्त कर्मचारी शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं विकास कार्यों में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें तीन माह से वेतन नहीं मिला है। यह स्थिति कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में विगत 23 वर्षों में पहली बार इस प्रकार की गंभीर परिस्थिति उत्पन्न हुई है।कर्मचारी नेताओं ने बताया कि आंदोलन के तहत प्रतिदिन शाम 5 बजे से विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें नागरिकों से भीख मांगना, रामधुन, शंख-झालर के साथ जन प्रतिनिधियों को फूल भेंट कर पीड़ा से अवगत कराना शामिल है।

---



# गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के लिए 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की 3 कैडेट्स चयनित

### प्रथा सिंह उमठ बनीं जिले की पहली 'बेस्ट कैडेट', कैडेट सारा पांडे का वायईपी हेतु चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से संबद्ध लेफ्टिनेंट डॉ. सुमन पटेल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में 7 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की तीन कैडेट्स गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड, जिसे एनसीसी का सबसे कठिन और प्रतिष्ठित पड़ाव माना जाता है, उसमें इस बार सागर की 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की तीन होनहार कैडेट्स एसयूओ प्रथा सिंह उमठ, कैडेट सारा पांडे और कैडेट विधि चौबे का चयन गणतंत्र दिवस शिविर 2026 (आरडीसी 2026) के लिए हुआ है । कई महीनों के कड़े कंपीटिशन को पार करने के बाद तीनों अब दिल्ली में देशभर से आए सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स के बीच सागर और मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी ।

प्रथा सिंह उमठ सागर जिले के एनसीसी इतिहास में पहली 'बेस्ट कैडेट' चुनी गई हैं । प्रथा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय से गणतंत्र दिवस के लिये चयनित होने वाली सागर ग्रुप की पहली बेस्ट कैडेट है । प्रथा के लिए यह सफर आसान नहीं था; उन्होंने दर्जनों कठिन इंटरव्यू, परीक्षाएं और कई चुनौतीपूर्ण चरणों को क्वालीफाई किया, तब जाकर उन्हें बेस्ट कैडेट चुना गया ।

सारा पाण्डेय एवं विधि चौबे का चयन सांस्कृतिक शिविर में किया गया है । साथ ही सारा का चयन प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय द्वारा दिल्ली के लिए नामांकित हुआ है ।

दिल्ली में चयनित होने के पश्चात इस उपलब्धि को प्राप्त कर सारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे देशों में जाकर भारतीय संस्कृति और एनसीसी का प्रतिनिधित्व करेंगी । इस बड़ी उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने तीनों कैडेट्स को अपनी शुभकामनाएं दीं और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की । लेफ्टिनेंट डॉ. सुमन पटेल ए.एन.ओ एवं विश्वविद्यालय परिवार की ओर से एवं 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की ओर से कैडेट्स को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाइयां दी गई हैं । 7 एमपी गर्ल्स बटालियन के अधिकारियों ने बताया कि यह बटालियन के लिए गौरवशाली पल है ।

एसयूओ प्रथा की लीडरशिप, सारा का वैश्विक चयन और विधि चौबे का बेहतरीन प्रदर्शन आने वाले नए कैडेट्स के लिए एक मिसाल बनेगा ।

---

# ज्ञान और संस्कृति हमारी परंपरा है और वंदे मातरम उसका आधार : कुलगुरु प्रो त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में अपने 15वें वर्षों की उत्कृष्ठ यात्रा पूर्ण करने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर "भारतीय ज्ञान परम्परा में वन्देमातरम की भूमिका" के विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। स्वस्ति वाचन डॉ सुकदेव बाजपेयी द्वारा किया गया। तत्पश्चात भारतीय परंपरा को निभाते हुए अतिथियों का हुआ सत्कार। अतिथि स्वागत परिचय एवं विवि का वार्षिक प्रतिवेदन संस्थापक कुलगुरू डॉ अनिल कुमार तिवारी ने देते हुए कहा कि वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में विवि ने अपने शैक्षणिक, प्रशासनिक, शोध एवं सांस्कृतिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट उपलब्धियों की ओर उल्लेखनीय प्रगति की है। विवि शैक्षिक उन्नयन हेतु पाठ्यक्रम सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए विविध कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संगोष्ठी आयोजित किए गए, जो निरंतर उन्नति और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस संस्थान ने 15 वर्षों की सतत प्रगति, गुणवत्ता और समर्पण के साथ विद्यालय से विश्वविद्यालय बनने तक की उज्वल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की है। यह विकास न केवल संरचनात्मक विस्तार का संकेत है, बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध उन्मुखता और संस्थागत परिपक्वता के उत्कर्ष का प्रमाण भी है। 11 लाख वृक्षारोपण का संकल्प लिया है, वृक्ष लगाना एवं बचाने का कार्य विवि द्वारा किया जाता है। विवि परिषर में भी पौधे लगाकर वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी निभा रहा है। विवि आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय परंपरा को भी ले कर चल रहा है। संगोष्ठी का औचित्य संस्था के उपकुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने कहा डिग्री अर्जित करने की बजाय ज्ञान अर्जित करने का कार्य करना होगा। भारतीय ज्ञान परम्परा में ''मातृभाव'' सर्वोपरि रहा है-चाहे वह 'मातृदेवो भव' का सिद्धांत हो या प्रकृति को 'धरती माता' के रूप में पूजने की भावना। वन्दे मातरम भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अध्याय का हिस्सा है। वंदे मातरम् भारतीय ज्ञान परंपरा में केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता, अध्यात्म और राष्ट्रीय चेतना का समन्वित स्वर है। जब तक भारतीय ज्ञान परम्परा जीवित है, तब तक वन्देमातरम् हमारी चेतना में गूंजता रहेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन संस्था के कुलाधिपति डॉअजय कुमार तिवारी ने देते हुऐ कहा कि भारतीय दर्शन में भूमि को मातृस्वरूप स्वीकार करने की परंपरा वेदों, उपनिषदों और पुराणों में स्पष्ट रूप से मिलती है, जहाँ धरती को वसुंधरा, जननी और धात्री के रूप में वंदन किया गया है। इसी आध्यात्मिक दृष्टि का आधुनिक स्वरुप वंदे मातरम् में प्रतिध्वनित होता है। स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं होता, बल्कि यह उस ''विचार, मूल्य और उद्देश्य'' का स्मरण है, जिनके आधार पर किसी संस्था की नींव रखी जाती है। भारतीय ज्ञान परम्परा भी ऐसे ही शाष्वत मूल्यों पर आधारित है, और ''वन्देमातरम'' उन्हीं मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है। हमारा चिंतन और सोच यदि दूसरो के काम आये तो ऐसी संस्कृति ही फूलती-फलती है। मुख्य अतिथि, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा के कुलगुरू प्रो इन्द्रप्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि विवि को 15 वर्षों की सफल यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान और संस्कृति हमारी परम्परा है वन्देमातरम उसका आधार है।

---

# अवैध मुरम उत्खनन पर अजय बिल्डकॉन पर एक करोड़ से अधिक का किया गया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध मुरम उत्खनन करने पर अजय बिल्डकॉन पर एक करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया। साथ ही अवैध मुरम उत्खनन करने पर अजय बिल्डकॉन (रॉयल पैलेस के पास, तहसील व जिला-सागर) को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया कि प्रकरण में नियत सुनवाई पर समक्ष में उपस्थित होकर खनिज के अवैध उत्खनन के संबंध में समाधानकारक उत्तर दस्तावेजी साक्ष्य सहित पेश करें तथा म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (4) के तहत उक्त तालिका में दर्शित कुल शास्ति राशि का विधिवत भुगतान कर प्रकरण का प्रशमन करावें अन्यथा की स्थिति में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (6) के तहत उप-नियम (2) में विहित कुल शास्ति की दोगुनी रकम अधिरोपित की जावेगी। अनुविभागीय अधिकारी जैसीनगर जिला सागर ने प्रतिवेदन के माध्यम से अवगत कराया कि मौजा बांसा तहसील जैसीनगर स्थित भूमि ख.नं. 693 (शासकीय छोटा घास भूमि) रकबा 1.07 है, से अजय बिल्डकॉन के द्वारा बांसा-सरखड़ी रोड़ निर्माण हेतु खनिज मुरम मात्रा 9775 घ.मी. बिना सक्षम अनुमति के उत्खनन की गयी है। वादग्रस्त भूमि शासकीय चरागाह दर्ज है तथा वादग्रस्त भूमि ख.नं. 693 में पूर्व से तालाब नुमा आकृति थी उसी में से मुरम का उत्खनन किया गया है।

# देवलचैरी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**सागर।** ग्राम देवलचैरी स्थित देवला माता जी के मंदिर परिसर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. श्री रामजी महाराज जी द्वारा अपनी मधुर वाणी से किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इस धार्मिक आयोजन में युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कथा श्रवण कर धर्म, संस्कार एवं समाज में आध्यात्मिक चेतना के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में संदीप सिंह ठाकुर, सरपंच मयंक तिवारी, अरुण राजपूत, राजू तिवारी, सनील सिंह ठाकुर, नीरज ठाकुर, संजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान ग्राम देवलचैरी में धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल बना रहा।




# जल संरक्षण कर्त्तव्य हमारा नाटक द्वारा जागरूक किया

**सागर।** 7एम.पी.गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. सागर के तत्वावधान में 'सोशल सर्विस एवं कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम ''जल जीवन मिशन'' जागरूकता अभियान का आयोजन जल जीवन मिशन सोषल सर्विस का मार्गदर्शन 7 एम.पी.गर्ल्स बटालियन में पदस्थ एड्म आफीसर मेजर प्रतिभा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा व लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार द्वारा किया गया जल जीवन मिशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविन्द्र देव चौबे उपसंचालक (रिटायर) उद्यानिकी विभाग व डॉ. अदिति शर्मा सहा. प्राध्यापक भूगर्भ विभाग डॉ. हरिसिंह गौर विष्वविद्यालय रहे। इन्होंने कैडेट्स को पानी का महत्व व पानी को लेकर आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग किया जल जीवन मिशन का उद्देष्य हर घर जल, हर घर नल से जल की सरकार की योजना की जानकारी कैडेट्स को दी, पानी की हर एक बूंद को बचाना जरूरी है, पानी की बर्बादी को रोकने हेतु कुछ महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नंबर भी कैडेट्स को दिये। इस जागरूकता अभियान में 7 एम.पी.गर्ल्स बटालियन एनसीसी सागर के अंतर्गत संचालित इकाई विभिन्न विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के सीनियर व जूनियर गर्ल्स कैडेट्स द्वारा ''जल है जो कल है' पर जागरूकता बढ़ाने पर प्रस्तुतियां दी गई, सीनियर कैडेट्स द्वरा पानी का महत्व नाटक के माध्यम से बताया तो जूनियर कैडेट्स द्वारा नृत्य के माध्यम से प्रकृति महत्व सीनियर कैडेट्स द्वारा भाषण व प्रष्नोत्तरी के माध्यम से जागरूक किया गया । कैडेट्स द्वारा सिटी स्टेडियम चौराहे पर पानी बचाओ भविष्य के लिये नुक्कड़ नाटक द्वारा आते जाते लोगों का ध्यान आकर्षित कर समाज को जागरूक किया।

---

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 10 जनवरी को खुरई आगमन की तैयारियां प्रारंभ

# पूर्व गृहमंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह ने शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आगामी 10 जनवरी को खुरई आगमन की व्यापक तैयारियों को लेकर दीपाली सभागार में आयोजित विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों, सहप्रभारियों, बूथ प्रभारियों की बैठक को पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने संबोधित किया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह कार्यक्रम सागर जिले में मुख्यमंत्री के आज तक के सभी कार्यक्रमों से बड़ा और भव्य कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के खुरई दौरे की रूपरेखा बताते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को 12 बजे मुख्यमंत्री खुरई के गुलाबरा के स्टेडियम स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से वे रैली के रूप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, परसाचौराहा, झंडा चौक होते हुए खुरई के मुख्य मार्गों से निकलते हुए कृषि उपज मंडी के नजदीक स्थित बड़े मैदान में स्थित सभास्थल पहुंचेंगे जहां उनकी आमसभा में खुरई के विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। मुख्यमंत्री में चल रहे लगभग 500 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव इसके पूर्व लोकसभा चुनावों के दौरान खुरई आए थे तब आचार संहिता लगी होने के कारण खुरई के विकास संबंधी किसी नये कार्य की घोषणा, भूमिपूजन, लोकार्पण आदि संभव नहीं था लेकिन इस कार्यक्रम में खुरई विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री से लंबित अपेक्षाओं की पूर्ति हो जाएगी ऐसी संभावना है। बैठक में सभी से क्षेत्र में व्यापक जनहित से जुड़े आवश्यक बड़े विकास कार्यों की सूची 2 जनवरी तक भेजने का आग्रह किया गया है।पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री का स्वागत खुरई की अपनी विशेष परंपरा से होगा। इसके लिए अभी से हम सभी को तैयारियां प्रारंभ करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के आमंत्रण तथा रुद्राक्षधाम मंदिर प्रांगण में कथा आयोजन के आमंत्रण पत्र खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी घरों में व्यक्तिगत रूप से वितरित किए जाना है। कार्यक्रम में सभी की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। शहरी क्षेत्रों है में फ्लेक्स, होर्डिंग,कटआउट आदि लगा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के आगमन से संबंधित कार्यक्रम का दीवार लेखन हो।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में मंडल स्तर पर बनाई गई कोर समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली के बाबत सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। साथ ही कार्यकर्ताओं में दायित्वों के वितरण कर नेतृत्व करने योग्य और अधिक दायित्ववान कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोर समितियां अपने दायित्वों के साथ अपने क्षेत्र में योजना गत कार्यों तथा संस्थाओं के कार्यों की निगरानी का कार्य भी करें। जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री करने वालों से दूर रहें और उनकी सिफारिशें कतई न करें। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों से दूर रहने के लिए उन्होंने माला नहीं पहनने का संकल्प लिया है।

## खबर संक्षेप



### आरोग्य भारती की मासिक बैठक संपन्न

**ललितपुर।** आरोग्य भारती की मासिक बैठक डा.हर्ष शर्मा के क्लीनिक ग्राम देवरान में प्रांतीय कार्यकारिणी अरविंद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम अरविंद पांडे ने छात्रों को आरोग्य भारती के संबंध में जानकारी की एवं स्वास्थ्य के प्रति किस प्रकार जागरूक रहकर निरोगिता प्राप्त की जा सकती है जिसमें आहार विहार सुपाच्य विरुद्ध आहार दिनचर्या आदि अनेक बिंदुओं को विस्तृत रूप में समझाया, जिसका लाभ उपस्थित युवा शक्ति छात्र-छात्राओं को हुआ। जिलाध्यक्ष डा.दीपक चौबे ने बच्चों से धूम्रपान मद्यपान आदि नसे से बचने की सुझाव दिया एवं जल्द ही ग्राम में चिकित्सीय कैंप रखने का प्रस्ताव दिया। अंत में उपाध्यक्ष अजय रावत ने आभार जताया। उन्होंने आहार बिहार को जीवन में उतारने एवं निरोगिता प्राप्त करने का सुझाव दिया। संचालन डा.हर्ष शर्मा ने किया। अरविंद पांडे, डा. दीपक चौबे, अजय रावत, डा.हर्ष शर्मा, कृष्णपाल पाटकर, दीपेंद्र बुंदेला, सुखनंदन पाल, देवेंद्र यादव एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम धौर्रा में रहने वाले रामसेवक पुत्र मनसुख अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 28 दिसम्बर को सुबह करीब 12 बजे अपने खेत से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गोटी पुत्र हरप्रसाद अहिरवार, अंगूरी पत्नी गोटी, आरती पत्नी अभिषेक आये और गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव करने आये भगवानदास पुत्र मनसुख के साथ भी मारपीट की और धमकाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रिक्शा हटाने को लेकर मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट के मोहल्ला चौबयाना में रहने वाले रूपल झां पुत्र सुरेन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 27 दिसम्बर को शाम करीब 8.30 बजे पुराने बस स्टैंड पर खड़ा था, तभी वहां एक रिक्सा चालक आया और रास्ते के बीच रिक्सा खड़ा कर दिया। जब उसने रिक्शा हटाने को कहा तो रिक्सा चालक ने गालियां दीं। मना करने पर उक्त चालक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उससे मारपीट कर दी। रिक्शा चालक वार्ड नं. 7 चौबयाना निवासी शिवा योगी, उसका दोस्त खांदी रोड निवासी अभी बाल्मीकि पुत्र संजीव बाल्मीकि व बस स्टेण्ड निवासी रूपेश चतुर्वेदी पुत्र हरिकिशन ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मीटिंग की वीडियोग्राफी करने से रोका,धमकाया

**ललितपुर।** मड़ावरा निवासी अधिवक्ता नूर निजाम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 5 बजे वह मड़ावरा निवासी मु.जाकिर हुसैन पुत्र मुजीम खां के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम चादर शरीफ में बाबा मस्तान शाह की मजार पर एकत्रित हुये। तभी वहां मौजूद गांव के दबंग व्यक्ति शहबाज खां व अरबाज खां आये और उसके भाई को मीडिया कवरेज करने को रोकने लगे। अगर कवरेज किया तो जान से मार देंगे और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोग आग-बबूला हो गये और कहने लगे कि ज्यादा वकील न बनो वरना तुम्हें कहीं भी निपटा देंगे और अब कभी मस्जिद में भी दिखाई नहीं देना और ना ही किसी सामाजिक कार्यक्रम में मीडिया कवरेज करे। आरोप है कि उक्त लोगों ने समाज में माहौल खराब करने की नीयत से ऐसे प्रकरण को बढ़ावा दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानी हकीकत

# ईओ नपा की अनुपस्थिति व सफाई कर्मचारियों के उत्पीड़न पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रामसिंह बाल्मीकि, सदस्य सेन्ट्रल मॉनीटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सोमवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने एक-एक कर सभी विभागों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति व लाभार्थियों के आच्छादन की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, इसमें लापरवाही करने वालों की रिपोर्टिंग शासन स्तर पर की जाएगी।

बैठक के दौरान उपस्थित सफाईकमर्चारियों ने आरोप लगाते हुए सदस्य को अवगत कराया नगर पालिका द्वारा उन्हें आवश्यक उपकरण व स्वच्छता



सामग्री आदि उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ लेकर कर्मचारियों का रखने व निकलाने का कार्य किया जाता है, इसके अलावा उन्हें अनुमन्य लाभ ईपीएफ, मुत्यु उपरान्त लाभ भी नहीं दिये जाते। मौके पर सदस्य द्वारा अधिशासी अधिकारी को तलब किया, वे मौके पर अनुपस्थित थे। सदस्य ने अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति व कार्मिकों के आरोपों पर कड़ी नाराजगी जाहिर



करते हुए निर्देश दिये कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सफाई कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण व अनुमन्य लाभ अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराये जायें, यदि ऐसा नहीं किया जाएगा तो इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

उन्होंने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान अनुसूचित जाति/जनजाति निवारण अधिनियम के तहत पीढ़ति, पीढ़िताओं के लिए सरकार द्वारा अनुमन्य राहत राशि सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और निर्देश दिये कि उक्त योजनाओं के आच्छादन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, डूडा, ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की और शत-प्रतिशत आच्छादन के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिहं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वार्षिक शतक संकल्प उत्सव एवं देहदान अंगदान जन जागृति कार्यशाला हुई

# देहदान व अंगदान करने वालों को किया गया सम्मानित

**शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यशाला में जुटे लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मानवता, चिकित्सा शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को एक सूत्र में पिरोने वाली देहदान जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बांसी में भव्य रूप से किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डीएम के प्रतिनिधि एवं एडीएम (न्यायिक) अविनाश यादव ने किया। उन्होंने देहदान को महादान बताते हुए कहा कि यह ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे एक व्यक्ति के देह त्याग के बाद भी समाज और चिकित्सा जगत को जीवन देने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर देहदान और अंगदान के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना आज की बड़ी आवश्यकता है।

कार्यशाला का आयोजन शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया, जिसने अपने अल्पकालिक लेकिन प्रभावशाली एक वर्ष के कार्यकाल में उल्लेखनीय उपलब्धियां हांसिल की हैं। ट्रस्ट द्वारा अब तक 2 मानव देह एवं 100 से अधिक देहदान एवं अंगदान के संकल्प पत्र एकत्र किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा न केवल संस्था की सक्रियता को दर्शाता है, बल्कि समाज में बढ़ती जागरूकता और विश्वास का भी प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कम समय में यह उपलब्धि किसी भी सामाजिक संस्था के लिए प्रेरणादायक है। कार्यशाला में वक्ताओं ने विशेष रूप से इस तथ्य को रेखांकित किया कि शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट वही संस्था है, जिसने ललितपुर मेडिकल कॉलेज के मेडिकल छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन और प्रशिक्षण हेतु 2



मानव देह तथा 61 देहदान के संकल्प पत्र मेडिकल कॉलेज प्रशासन को जमा कराए थे। इन मानव देहों के माध्यम से भविष्य के डॉक्टरों को वास्तविक शारीरिक संरचना को समझने का अवसर मिलता है, जो पुस्तकीय ज्ञान से कहीं अधिक प्रभावी होता है। चिकित्सा शिक्षा में देहदान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज आगे आकर देहदान को स्वीकार करे, तो मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार संभव है। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक संवेदनशील और गंभीर मुद्दा भी सामने आया। जिस संस्था ने मेडिकल कॉलेज के लिए इतना महत्वपूर्ण योगदान दिया, उसी संस्था के कार्यक्रम में मेडिकल प्रशासन की सहभागिता न होने पर मंच से अफसोस व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आमंत्रण पत्र में स्पष्ट रूप से प्रधानाचार्य को अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने के बावजूद कोई भी प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुआ। इसे सामाजिक सरोकारों के प्रति उदासीनता बताते हुए ऐसे व्यवहार की निंदा की गई। कार्यशाला में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि देहदान जैसे संवेदनशील विषय पर प्रशासन, चिकित्सा विभाग और सामाजिक संस्थाओं के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। यदि सभी पक्ष मिलकर कार्य करें, तो समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल प्रशासन की उपस्थिति से कार्यक्रम को और अधिक बल मिलता तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता, लेकिन उनकी अनुपस्थिति से एक गलत संकेत गया है, जिस पर आत्ममंथन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में देहदान और अंगदान की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और धार्मिक भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि देहदान पूर्णतः कानूनी और सम्मानजनक प्रक्रिया है, जिसमें दानदाता की गरिमा और भावनाओं का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि देहदान करने वाले व्यक्ति का अंतिम संस्कार चिकित्सा उपयोग के बाद पूरे सम्मान के साथ किया जाता है। साथ ही यह भी बताया गया कि अधिकांश धर्मों में देहदान और अंगदान को मानव सेवा के रूप में स्वीकार किया गया है। एडीएम ने कहा कि प्रशासन समाजहित के ऐसे प्रयासों के साथ खड़ा है और भविष्य में भी देहदान जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे आगे आकर देहदान और अंगदान का संकल्प लें, ताकि चिकित्सा शिक्षा और शोध को मजबूती मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि एक व्यक्ति का लिया गया यह संकल्प अनेक जिंदगियों को दिशा दे सकता है। कार्यक्रम में जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बताया। समाजसेवियों ने कहा कि देहदान जैसे विषय पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों के मन से भय और संकोच दूर हो सकें। कार्यशाला के अंत में उपस्थित लोगों को देहदान एवं अंगदान के संकल्प पत्र भी भरवाए गए। कई लोगों ने मौके पर ही संकल्प लेकर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ेंगे और बांसी सहित पूरे जिले में देहदान को लेकर सकारात्मक वातावरण बनेगा। कुल मिलाकर, बांसी में आयोजित यह देहदान जनजागरूकता कार्यशाला न केवल एक सामाजिक आयोजन रही।

### मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

# अटल स्मृति सम्मेलन के साथ एसआईआर पर कार्यशाला होगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**भारतीय जनता पार्टी के विधान सभा ललितपुर के अटल स्मृति सम्मेलन एवं एस आई आर की द्वितीय कार्यशाला के आयोजनों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मानीटरिंग कमेटी की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई।**

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने बताया कि 30 दिसम्बर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से स्थान अमर पैलेस में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा ललितपुर का अटल स्मृति सम्मेलन एवं एसआईआर कार्यक्रम की द्वितीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि,जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा, प्रकोष्ठ के संयोजकों सहित समस्त बी एल ए टू को आमंत्रित किया गया है।इस कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी अवसर पर चल रहे जन्म सप्ताह के अन्तर्गत विधानसभा ललितपुर का अटल स्मृति सम्मेलन मनाया जा रहा है। जिसमें मां अटल जी के संस्मरण एवं काव्यपाठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा वी एल ए टू के माध्यम से एस आई आर की प्रगति पर समीक्षा की जायेगी। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी अपेक्षितों से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाठक, प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, लक्ष्मी रावत,रुचिका बुन्देला,रजनी अहिरवार, रमेश कुमार कुशवाहा नझाई,दीपक पाराशर, सुनीता पंथ, किंजल्क हुड्ैत, कृष्ण बिहारी कुशवाहा एड आदि उपस्थित रहे।

### सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि

## पंतजी के काव्य का प्रदेय विश्व एकता और मानव एकता का जयघोष करता है: शर्मा



**ललितपुर।** सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि कविवर पंत की प्रथम रचना उछ्वास 1922 को प्रकाशित हुई तत्पश्चात ग्रन्थि प्रकाशित हुई। किन्तु काव्य जगत के महारथी की तीसरी रचना पल्लव ने उन्हें सर्वाधिक लोकप्रियता प्रदान की। भारतेन्दुजी हिन्दी गद्य के उन्नायक थे परन्तु कविताएं उस जमाने में ब्रज भाषा में ही लिखी जाती थी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भलीभांति यह समझ लिया था कि हिन्दी देश की ही नहीं अपितु विश्व की अन्ततः एकमात्र सबसे बड़ी सशक्त सम्पर्क भाषा की ओर अग्रसर है इसलिए खड़ी बोली हिंदी का भविष्य बहुत उज्जवल है। प्रारम्भ में राष्ट्रकवि गुप्तजी भी ब्रजभाषा के प्रेमी थे किन्तु द्विवेदी की प्रेरणा से उन्होंने खड़ी बोली की उँगली पकड़कर उसे चलना सिखाया। कालान्तर में प्रसाद, पंत और निराला की त्रिवेणी ने खड़ी बोली की खडख़ड़ाहट को दूर करके उसे अभूतपूर्व कोमलता प्रदान की। हिन्दी जगत में छायावाद का आविर्भाव कवीन्द्र रवीन्द्र द्वारा प्रतिपादित विश्वबन्धुत्व और मानव एकता के विश्वव्यापी आन्दोलन से हुआ। सुमित्रानंदन पन्त का मानना है कि मानव मन की परिस्थितियों में एकता, संतुलन, समन्वय तथा संयोजन लाने का गम्भीर प्रयत्न वैदिक युग से लेकर आज तक चल रहा है।

### समिति ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## आदिवासी समुदाय को मिले अधिकार

**ललितपुर।** मुरारीलाल जैन आदिवासी कल्याण समिति के तत्वावधान में ज्ञापन राष्ट्रपति दिल्ली को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया, जिसमें भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत निवासियों का अधिनियम पास कर प्रदेश सरकारों को उसके तुरंत लागू करने का आदेश किया गया था, लेकिन 19 वर्षों के बाद भी ललितपुर जनपद में किसी भी आदिवासी सहरिया जाति के लोगों को खेती के पट्टे नहीं दिए गए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि अनुसूचित जाति और अन्य परंपरागत अधिकारों को मान्यता दी जाए और संशोधन सहित उक्त कानून को लागू किया जाए। वन में निवास करने वाले ऐसी आदिवासी अनुसूचित जनजाति के लोगों को जो वनों में निवास कर रहे हैं, अधिकार दिलाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से सभी आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वनवासियों को 2006 बना डकार कानून लागू



कर तुरंत ही सहरिया आदिवासी जाटों को कृषि जमीन के पटे किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजकिशोर जैन एड., आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश कुमार, मीना, गणेशराम रजक, सुमन, ज्योति, प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., रतन, सुखवाती, नन्हीं बाई, प्रेम, पंचू, चालीलाल, जानकी, देशराज, परम, श्याम, महीपत, बहादुर, मुकुंदी, हीरा, अमोल, मनजीत, रामदास, अर्जुन, रोशन आदि मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

## सरकारी दस्तावेज फाड़े, डंडा व पत्थरों से किया हमला, जान बचाकर भागे

**ललितपुर।** बिजली जांच करने गयी विभागीय टीम पर विद्युत चोरी कर रहे परिवार से मां-बेटे ने डण्डा और पत्थर से हमला कर दिया गया। विद्युत विभाग की टीम को जान बचाकर मौके से भागना पड़ा। इस हमले से सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डाली गयी और सरकारी दस्तावेज फाडने से मामला गंभीर हो गया है। लिहाजा, उपखण्ड अधिकारी प्रथम की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मूलरूप से झांसी के तालपुरा अम्बेड़कर नगर सिंधी कालोनी निवासी संजय सागर पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि वह ललितपुर में उपखण्ड प्रथम के पद पर तैनात हैं। शासन द्वारा वर्तमान में आयोजित बिजली बिल राहत योजना अंतर्गत उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर वह अपनी टीम में महेन्द्र पाल सिंह टी.जी. 2 व संविदा कर्मियों में राजेश, मनीष, गोकुल, अभिषेक श्रीवास्तव, देवेन्द्र खरे के साथ रविवार को शाम करीब 4.40 बजे शहर के मोहल्ला वंशीपुरा में बकायेदार उपभोक्ताओं के ओटीएस में रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे थे। इस दौरान उपभोक्ता देवकुमारी पत्नी हरीराम के संयोजन की जांच हुयी तो पता चला कि सोनू पुत्र राजू द्वारा मीटर की सर्विस केबिल के अतिरिक्त अलग से केबिल डालकर सीधे विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। जब उक्त व्यक्ति से विद्युत चोरी के बारे में पूछा तो नर्मदा पत्नी राजू व उसके पुत्र सोनू ने गालियां देते हुये घर के बाहर आ गये और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। आरोप है कि दोनों ने सरकारी कागज भी फाड़ दिये। टीम ने जब उन्हें समझाया तो उक्त लोग आवेश में आकर हाथ में डण्डा और पत्थर से मारते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। उपखण्ड अधिकारी के अनुसार वह किसी प्रकार अपनी टीम के साथ मौके से भाग निकले और उक्त प्रकरण का वीडियो बनाकर फोन में सुरक्षित कर लिया। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पाल समाज करेगा पाल भवन का शीघ्र निर्माण

## भूमि क्रय करने की प्रक्रिया में जुटा समाज

**ललितपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा एवं राजमाता अहिल्याबाई होल्कर समाज उत्थान योजना एसोसिएशन (रहस्य) की संयुक्त बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जनपद के निर्धन, गरीब एवं मेधावी छात्र छात्राओं के लिए निशुल्क आवास उपलब्ध कराने हेतु विशाल पाल भवन के निर्माण का संकल्प लिया गया तथा भूमि का चयन करने की जानकारी दी गई। बैठक में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष इंजीनियर बीके पाल ने कहा कि जनपद में पाल समाज के छात्र छात्राओं के अध्ययन हेतु कोई भी समाज का भवन न होने के कारण गरीब, असहाय एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में असुविधा हो रही है. कई परिवार ऐसे हैं जो धन के अभाव में अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ देते हैं, ऐसे छात्र-छात्राओं के हित को



ध्यान में रखते हुए जनपद ललितपुर की पाल समाज ने पाल भवन छात्रावास के निर्माण का संकल्प लिया है, यह संकल्प हम सभी के सामूहिक प्रयास से सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम रचनात्मक कार्य नहीं करेंगे तब तक समाज का झुकाव सामाजिक कार्यों की ओर हो नहीं सकता है, समाज के प्रत्येक नागरिक को ऐसे कार्य करना चाहिए।

### साफ-सफाई, लाइट व्यवस्था और सड़क समतली करण की मांग की

## गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व की शोभायात्रा एक जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा के नेतृत्व में एक ज्ञापन ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा को दिया, जिसमें 1 जनवरी 2026 को गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व की खुशी में निकल रही शोभायात्रा के दौरान मार्ग में साफ सफाई व्यवस्था लाइट व्यवस्था एवं सड़क समतली करण व्यवस्था कराए जाने की मांग की।

अध्यक्ष ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व 5 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा भावना व धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर 1 जनवरी को दिन गुरुवार को नगर कीर्तन शोभायात्रा जो की गुरु



नानक धर्मशाला वर्णी कालेज से दोपहर 2.30 बजे प्रारंभ होगी जो की वर्णी कॉलेज चौराहे से, तुवन चौराहा, सदर कांटा, घंटाघर, वीर सावरकर चौक, आजाद चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में समापन होगा। इस दौरान विशेष शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के तौर पर दिलेर खालसा इंटरनेशनल गतका पार्टी (अखाड़ा पार्टी) अपना विशेष प्रदर्शन करेंगे। वहीं गुरु ग्रंथ साहिब की सुंदर पालकी बस में फूलो साजी हुई सुशोभित होकर निकलेगी आप सभी नगर वासियों से आह्वान किया कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर शोभा बढ़ाएं। इस दौरान संरक्षक जितेंद्र सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कौर वालिया, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, चरणजीत सिंह, ऑडिटर राजू सिंधी, आनंद सिंह, कन्हैयालाल सिंधी, गोपी सिंधी, हरीश कपूर टीटू, वरुण कालरा, अवतार सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, आदि व्यवस्था में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## ताले में बंद किले के भीतर हो क्या रहा है किसी को क्यों नहीं चल पा रहा पता

# नागरिकों के श्योपुर किले में प्रवेश करने पर क्यों की गई तालेबंदी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर किले को निजी हाथों में सौंपने के बाद जिस होटल व्यवसायी ने किले को लीज पर लिया है उसने किले में आम आदमी के प्रवेश को मुख्य द्वार पर ताला डालकर प्रतिबंधित कर दिया है। उधर जब बारिश के समय किले की दीवार गिरी थी तब इसी होटल व्यवसायी ने यह कहते हुए दीवार का मेंटेनेंस कराने से इनकार कर दिया था कि उक्त दीवार उसके एग्रीमेंट में शामिल नहीं है उसके एग्रीमेंट में सिर्फ दो ही होल शामिल हैं। प्रश्न यह उठता है कि जब पूरा किला होटल व्यवसायी के अधिपत्य में नहीं आ रहा है तो फिर उसमें ताला डालकर आम नागरिकों को आने जाने से रोका क्यों जा रहा है। क्यों नहीं होटल व्यवसायी अपने लीज वाले क्षेत्र को बेरीकेट्स से कवर्ड कर लोगों को किले के दर्शन करने दे रहा है? प्रशासन की इस दिशा में अरुचि भी कम संदिग्ध नहीं है।

पर्यटन विकास विभाग, नगर पालिका, पुरातत्व विभाग, जिला पर्यटन पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसी), विकास विभाग अथक श्वेंचर परियोजना के बीच किले के अधिकार को लेकर फंसा पेंच उस समय शिथिल होता दिखाई पड़ा जब करीब एक साल पहले इस किले के दोनों गेटों में उस होटल व्यवसाई ताले डालकर लोगों की किले में आवाजाही रोक दी। अचानक इस तरह इस ऐतिहासिक इमारत में ताले डालने और जिला वासियों का प्रवेश अपनी ही धरोहर के भीतर निषेध कर देने से श्योपुर वासियों को मायूसी तो जरूर हुई थी लेकिन वह यह सोचकर चुप बैठ गए कि शायद उन पर लगाए प्रतिबंध के कारण ही इस किले के साथ साथ जिले की किस्मत भी पर्यटन व्यवसाय के माध्यम से सुधर जाए। लेकिन लोगों की इस उम्मीद को तब झटका लगा जब इस ऐतिहासिक धरोहर की प्राचीन और विशाल दीवार अत्यधिक बारिश के चालते भर भरकर गिर गई।

इस दीवार के गिरने के बाद इस धरोहर पर मालिकाना एकाधिकार जमाने वाले पांच विभागों के साथ उस होटल व्यवसाई ने भी जिम्मेदारी से हाथ खींच लिए जिन्हें किले को हेरिटेज होटल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रश्न वहीं उठ रहा है कि आखिर किले के संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी है क्या उन विभागों की है जो इसे निजी हाथों में जाने का विरोध कर रहे थे या फिर उस होटल व्यवसायी की है जो किले को हेरिटेज होटल बना कर उससे कमाई करना चाहता था।



### डीएटीसी की जिम्मेदारी सिर्फ टिकट वसूली तक सीमित

जिला परिसर के समुचित विकास के लिए कुछ साल पहले जिला प्रशासन ने जिला पर्यटन पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसी) नाम से कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी, तब से ही यह कमेटी किला परिसर में आने वालों सैलानियों से प्रति पर्यटक 10 रूपए टिकट वसूल रही है लेकिन विकास के नाम पर उसने आज तक 1 रुपया भी खर्च नहीं किया है. डीएटीसी को यह भी मालूम नहीं है कि उसका इस किले पर मालिकाना हक है वा नहीं अलबता उसके द्वारा टिकट बसूली का काम निरंतर जारी रखा हुआ और समस्या निराकरण की बात आती है तो यह सभी विभाग आंख मूंद कर बैठ जाते। ऐसे में जब होटल व्यवसाई ने गिरी हुई दीवार का मेंटेनेंस यह कहते हुए कराने से इंकार कर दिया है कि उक्त क्षेत्र उसके अधिपत्य में नहीं आता है तो क्यों नहीं डीएटीसी उक्त क्षेत्र में पर्यटन सुविधा मुहैया कराना शुरू करे जो होटल व्यवसाई के अधिपत्य में नहीं है।

### नपा के सहरिया संग्रहालय में डाला ताला

किला परिसर में नगर पालिका ने मध्य प्रदेश का इकलौता सहरिया संग्रहालय संचालित किया हुआ है। इसका संचालन नगर पालिका परिषद करती है। साथ ही पूरे परिसर में बिजली पानी सफाई व्यवस्था भी नपा के जुम्मे है। इसके बावजूद इस परिसर पर नगर पालिका का आधिपत्य है या नहीं यह उसके भी समझ के बाहर हो रहा है, इसके बावजूद नगर पालिका फिलहाल वहां मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध करा ही रही है। लेकिन होटल व्यवसाई ने उस हॉल पर कब्जा जमा लिया है जिसमें अभी तक सहरिया संग्रहालय संचालित था और मूर्तियों को एक कमरे में रखकर ताला डाल दिया है।

### पुरातत्व विभाग ने 450 मूर्तियों का बनाया ठिकाना

किला का कुछ हिस्सा पुराताता विभाग ने अपने कब्जे में लेकर उसे राष्ट्रीय धरोहर निधित भी कर दिया है। घुड़साल गौड राजाओं की छतरियां और उसके पास वाला क्षेत्र गई 450 प्राचीन मूर्तियां भी है जो धरोहर है। पुरातच विभाग की गाइड लाइन के अनुसार संरक्षित इमारत के आसपास 300 मीटर तक के दायरे में कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है पर 300 मीटर तो छोड़ो किला परिसर के आसपास ही ताले बंद कर निर्माण किए जा रहे हैं।

### इनका कहना...

डीएटीसी के माध्यम से पहले किले का संरक्षण संयुक्त रूप से किया जाता था। बिजली, पानी, साफ सफाई व्यवस्था नपा उपलब्ध कराती थी अभी भी करा रही है पर किला किसके अधिपत्य में है इस संबंध में ठीक से जानकारी नहीं है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## परिजनों ने विजयपुर अस्पताल में किया हंगामा, पहुंचा पुलिस फोर्स

# दो बाइकों की आमने सामने से हुई भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर के नजदीक मंगलवार की दोपहर को दो बाइकों की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है।

खास बात यह है कि जब बाइक सवार घायलों को जब विजयपुर अस्पताल में लाया गया तो यहां उनके परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। जिसके बाद एसडीओपी और विजयपुर थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे और समझाइस देकर हंगामा शांत कराया। पुलिस ने फिलहाल एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर मृतक युवक के शव को परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दोर्द निवासी जितेन्द्र (34 वर्ष) पुत्र गोपी रावत मंगलवार को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ छिमछिमा हनुमान मंदिर पर दर्शन करने के लिए गया था। जब वह दर्शन करके वापस लौट रहा था,तभी छिमछिमा हनुमान मंदिर के बडे गेट के पास उसकी बाइक की विजयपुर तरफ से आ रही दूसरी बाइक से भिडंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि बाइक सवार उसकी पत्नी उत्तर्रा उर्फ कलिया (32 वर्ष), बेटा पियूष और भानजा अमन घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार उपेंद्र रावत (24 वर्ष) पुत्र धर्मवीर रावत, निवासी हुल्लपुर और राहुल रावत (20 वर्ष), पुत्र गिर्राज रावत, निवासी बागरौद गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में परिजन इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल से ग्वालियर अस्पताल के लिए रवाना हो गए। जितेन्द्र रावत और उसकी पत्नी बच्चों को जब विजयपुर अस्पताल में लाया गया,तो यहां उनके परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। बीएमओ डॉक्टर आर.एस. कर्ण ने बताया कि हंगामा करने वाले लोगों के द्वारा अस्पताल स्टाफ के साथ झूमाझटकी करते हुए कुछ पलंग व कुर्सियां को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। सूचना के बाद एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर तथा विजयपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ विजयपुर अस्पताल पहुंचे,जहां उन्होंने समझाइस देकर हंगामे को शांत कराया और फिर पीएम के बाद शव को घर पहुंचवाया। एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि फिलहाल एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।यदि डॉक्टरों की तरफ से भी एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया जाएगा तो उसकी जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।



### इधर स्कूल के बरामदे में मिली युवक की लाश

ढोढर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत अर्रोदरी के अंतर्गत आने वाले नाथू का डेरा में मंगलवार की सुबह सरकारी प्राथमिक स्कूल के बरामदे में एक युवक की लाश मिली है। जिसकी पहचान जगदीश 40 वर्ष पुत्र कोयरा जाटव निवासी नाथू का डेरा के रूप में हुई है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि मृतक अक्सर स्कूल के बरामदे में रात्रि के दौरान सोता था। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई,इसका पता किया जा रहा है। परिजनों की सूचना पर शव का जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद उसे परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सोंई पहुंचीं जिपं सीईओ, किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सोंईकलां का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने गाँव में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रे-वाटर के प्रबंधन के लिये ग्राम पंचायत द्वारा किये गये कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही बाजार व्यवस्था, बालाजी गार्डन (स्वच्छता पार्क), बावडी, सामुदायिक स्वच्छता परिसर,गांधी पार्क आदि का भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्वच्छता गार्डन के भ्रमण के दौरान उन्होंने नदी किनारे की सफाई हेतु जनसहयोग से अभिमान चलकर साफ-सफाई करने एवं पार्क में पौधरोपण करने के निर्देश दिये, स्वच्छता गार्डन में सामुदायिक भवन हेतु प्रस्ताव जिला पंचायत भेजने की भी जानकारी प्राप्त की गई। सीईओ ने बावडी के जीर्णोद्धार के कार्य का अवलोकन किया एवं गाँव में नियमित साफ-सफाई कराने स्वच्छता परिसरों की सफाई कर क्रियाशील करने के निर्देश दिये, ग्राम पंचायत में प्लास्टिक प्रबंधन के लिए एमआरएफ निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का भ्रमण किया गया।

इस दौरान सरपंच हरिसिंह मीणा, जनपद सदस्य विजय सिंह मीणा, जिला समन्वयक गौरीशंकर डोंगरे, ब्लॉक समन्वयक मुकेश मीणा, पीसीओ महेश सोनी, सचिव दिलिप बंसल एवं ग्राम कोटवार रमेश तथा बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एसपी के रीडर की बेटी का एमपी की अंडर 15 क्रिकेट टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के रीडर रविन्द्र पाठक की बेटी कविशा पाठक का मध्यप्रदेश की अंडर 15 बालिका क्रिकेट टीम में चयन हो गया है। यह पहला अवसर है, जब श्योपुर जिले की किसी बेटी का चयन प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टीम में हुआ है। इसको लेकर न सिर्फ जिले के खेलप्रेमियों में, बल्कि जिले के पूरे पुलिस विभाग में खुशी की लहर बनी हुई है। उधर इस सफलता पर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने भी खुशी जताई है। कविशा के क्रिकेट कोच दीपक गौड ने बताया कि कविशा का चयन मप्र की अंडर 15 की 15 सदस्यीय बालिका टीम में हुआ है। यह चयनित टीम 2 जनवरी से केरल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसके लिए चयनित टीम केरल के लिए रवाना हो गई है।



# विद्यार्थियों में विज्ञान की समझ बढ़ाने में सहायक होते हैं आयोजन:शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विज्ञान मेलों का आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान की समझ बनाने में सहायक होते हैं। इस तरह के आए जनों में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने की दिशा में शिक्षकों को काम करने की जरूरत है यह बात पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि श्योपुर में आयोजित मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी हरीश कुमार शर्मा ने कही।

प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निदेशानुसार गणित, विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान के 32 मॉडल संकुल के कक्षा 6 से 8 के सेमिनार, नाटिका, प्रश्नमंच आयोजित किए गए। जिसमे प्रथम एवम द्वितीय मॉडल विकास खंड स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे। माध्यमिक विद्यालय वार्ड क्रमांक 08 नाटिका, सेमिनार, में चयन हुआ।

# मप्र की खो-खो टीम में खेले श्योपुर के तीन खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

69वीं राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता में श्योपुर जिले के तीन खिलाड़ियों द्वारा मध्यप्रदेश की खो-खो टीम में सहभागिता की गई। जिला खेल अधिकारी अरूण चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 दिसंबर तक जबलपुर में किया गया था। मध्यप्रदेश की टीम में श्योपुर जिले के खो-खो खिलाड़ी रेहान खान, रोहित कौशिक, ईशा दुबे शामिल रहें। इस प्रतियोगिता की बालक टीम ने सिल्वर तथा बालिका टीम ने गोल्ड मेडल जीता है।



# ढोढर पटवारी ने नहीं दी अवैध कॉलोनी की रिपोर्ट तो एसडीएम ने थमा दिया नोटिस

**श्योपुर।** ढोढर हल्का पटवारी सुबोध भगत ने अवैध कॉलोनी की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की। इस पर एसडीएम गगन सिंह मीणा ने पटवारी को 10 हजार रूपये जुर्माना करने की कार्यवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जारी नोटिस के अनुसार ढोढर में अवैध रूप से काटी गई कॉलोनियों की जानकारी पटवारी भगत द्वारा प्रस्तुत नही की गई। इस संबंध में 02 जनवरी 2026 को समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये है। प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नही होने अथवा अनुपस्थिति की दिशा में मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुरूप अवैध कॉलोनी निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही न करने के लिए दण्ड, जुर्माना 10 हजार रूपये तक की कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं उनसे समानता का व्यवहार करें: रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं उनसे समानता का व्यवहार करना शिक्षकों का ड्यूटी ओर नैतिक दायित्व है। यह बात वार्ड नं 2 की पार्षद रेखा बाल्मीकि ने मंगलवार को शासकीय एनएमएस उर्दू गांधी किला रोड श्योपुर में आयोजित एफएलएन मेले में बतौर मुख्य अतिथि रहते हुए शिक्षकों को समझाइश देते हुए कही। स्कूल के हेडमास्टर कमलजीत सिंह सिसोदिया ने एफएलएन मेला आयोजित करने का मतलब समझाते हुए कहा कि यह गतिविधि बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने के लिए स्कूलों में आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य बच्चों को दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से पढ़ना-लिखना और बुनियादी गणित सिखाना, अभिभावकों को शिक्षा में शामिल करना और सीखने को मजेदार बनाना। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शाला की एफएलएन प्रभारी सलमा बेग ने किया।



## जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे 103 लोग, जिपं सीईओ ने दिया समस्या समाधान का आश्वासन

# जनसुनवाई में रोते हुए आदिवासी महिला बोली मुझे न्याय नहीं मिला तो कर लूंगी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मैडम! मेरी जमीन पर सरपंच के भाई और पिता ने जबरन कब्जा जमा रखा है। वह हमारी जमीन से कब्जा छोड़ना दूरी की बात हमे हमारी जमीन में घुसने भी नहीं दे रहा है। आप कैसे भी करके हमें न्याय दिलवाते हुए हमे हमारी जमीन वापस दिलवाओ। नहीं तो मैं परिवार के लोगों के साथ आत्महत्या कर लूंगी। यह बात मंगलवार को जनसुनवाई में रोते हुए विधवा महिला रामदासी बाई आदिवासी ने जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद से कही। जनसुनवाई में महिला रामदासी बाई समेत 103 लोग अपनी अपनी शिकायते लेकर पहुंचे। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने सभी लोगों की परेशानी सुनते हुए उनका समाधान जल्द करवाए जाने का भरोसा दिलाया है। जनसुनवाई में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

वीरपुर तहसील के ग्राम मोरेका से विधवा महिला रामदासी बाई आदिवासी ने बताया है कि ग्राम पुरा स्थित उनकी निजी भूमि सर्वे क्रमांक 771/3 एवं 925/6, कुल रकबा 3.1350 हेक्टेयर पर बीते करीब तीन महीनों से बाबू मोगिया पुत्र नाथ्या, जाति मोगिया, जबरन कब्जा कर रखा है। जब वह अपनी जमीन पर गेहूं की फसल बोने जाती हैं, तो आरोपी द्वारा उन्हें रोका जाता है, मारपीट की जाती है और हथियार से जान से मारने की धमकी दी जाती है। जिससे पूरा परिवार भय और तनाव में जी रहा है। इस मामले की पूर्व में भी शिकायत की गई,मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।






### नटी को मिला पेंशन का लाभ, संतरा को मिलेगी अनुग्रह सहायता राशि

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत सौम्य आनंद द्वारा ग्राम फिलोजपुरा निवासी महिला नटी बाई को सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना तत्काल स्वीकृत करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। महिला को अगले माह से 600 रूपये प्रतिमाह की राशि पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। वहीं ग्राम नारायणपुरा निवासी संतरा बाई को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि मिलेगी, इसके लिए राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो गया है। दरअसल महिला संतरा बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर अपने पति स्व. पप्पू सेन की सामान्य मृत्यु पर संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय किये जाने की मांग की गई थी। इसी प्रकार सोनू आदिवासी निवासी पहेला के अनुग्रह सहायता से संबंधित आवेदन का निराकरण करते हुए जानकारी प्रदान की गई कि प्रकरण स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही दो लाख रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा सुमित्रा आदिवासी निवासी निमोदामठ को पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास की तृतीय किस्त प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

## जून 2026 तक रेलवे प्रोजेक्ट पूरा होने की उम्मीद

# जिले के विकास के लिए सभी मिलकर समन्वय से कार्य करें: शिवमंगल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सभी मिलकर समन्वय से कार्य करें, विकास योजनाओं के प्रोजेक्ट बनाए तथा उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे उच्च स्तर पर प्रयास करते हुए स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जाएगी। रेलवे प्रोजेक्ट को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, जून 2026 से पहले इस कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें, जिससे श्योपुर के लोगों को रेलवे सुविधा का लाभ मिल सकें। यह बात क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित दिशा समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसपी सुधीर अग्रवाल, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, जनपद अध्यक्ष कराहल बत्तो बाई आदिवासी, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुरल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने निर्देश दिये कि कूनों में पर्यटन बढाने की दिशा में कार्य किया जायें तथा टिकटोली गेट पर केटींन, शोविनियर शॉप की स्थापना के साथ ही बुनियादी सुविधाएं विकसित की जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि विधि महाविद्यालय में प्रथम तल के निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाए। ब्रिज कॉर्पोरेशन द्वारा बनाये जा रहे पुल निर्माण के कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जायें तथा बडौदा क्षेत्र के रूडी में पार्वती नदी पर पुल की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है, इस संबंध में हाईवे से कनेक्ट करते हुए आंतरिक सडक निर्माण का प्रस्ताव भी बनाकर भेजा जाए। उन्होंने रेलवे प्रोजेक्ट अंतर्गत टर्राकलां एवं चकबमूलिया में बनाये गये अंडरपास की ऊचाई बढाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी रेलवे अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ढोढर एवं सोठवा में नलजल योजनाओं का संचालन पीएचई एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से सुचारू रूप से किया जाए। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों द्वारा अगवत कराया गया कि रेलवे प्रोजेक्ट को जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, इसके अंतर्गत 188 किलोमीटर का रेलवे ट्रेक बिछाया गया है। पीएमजीएसवाय अधिकारियों ने बताया कि पीएम जनमन अंतर्गत 21 सड़कों के वर्क ऑडर जारी कर दिये गये है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उपयोगी सुझाव दिए गए।



## खबर संक्षेप

### 1 जनवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा होगी

**बीना।** 1 जनवरी से श्री देव रघुनाथ बड़ा मंदिर परिसर में आयोजित होने



वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कथा समिति के द्वारा तैयारिया शुरू कर दी गई है। जानकारी अनुसार 1 जनवरी से श्री देव रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर परिसर में बुन्देलखंड़ के कथा सम्राट पं. विपिन बिहारी के मुखारविंद से संगीतमय श्री मद् भागवत का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कथा के पूर्व 1 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा मां जागेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर कच्चा रोड, थाने के पीछे होते हुए सर्वोदय चौक से अंबेडकर चौराहा होते हुए श्री कटरा मंदिर से कथा स्थल प्रांगण में पहुंचेगी। कथा समिति सदस्यों ने श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### पेंशनर्स की मासिक बैठक आज, होगी चर्चा

**बीना।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश तहसील बीना के पेंशनर्स की मासिक बैठक का आयोजन आज 31 जनवरी को होगा। तहसील अध्यक्ष आरके जैन ने बताया मासिक बैठक दोपहर 3 बजे से खिरिया वार्ड स्थित परिणय वाटिका नरसिंह मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। बैठक में विशेष रूप से चार बिंदुओं पर चर्चा होगी। जिसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश शासन बुजुर्ग पेंशनर्स की समस्याओं को न तो समझना चाहता है और न ही इन्हें हल करना चाहता है, सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### हैवान बाप ने नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म

**पिपरई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसी दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जिसने न केवल इंसानियत को शर्मसार कर दिया, बल्कि पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। जिस पिता को बेटी की सुरक्षा और सम्मान का सबसे बड़ा आधार माना जाता है, उसी ने अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला पिपरई थाना क्षेत्र के कुकरेठा गांव का है। बताया जा रहा है कि आरोपी पिता ने करीब तीन दिन पहले इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। मां ने तत्काल साहस दिखाते हुए पिपरई थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बिना देरी किए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। आरोपी पिता के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### तीन दिन रहेगा सोयाबीन का क्रय-विक्रय बंद

**अशोकनगर।** मंडी सचिव भागीरथ प्रसाद अहिरवार ने बताया कि भावान्तर भुगतान योजना सम्बंधी पोर्टल का अनुरक्षण (मेन्टेनेस) कार्य होने से 30 दिसम्बर 2025 से 01 जनवरी 2026 तक (तीन दिवस) कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में कृषि उपज सोयाबीन का भावान्तर पंजीयन अंतर्गत सोयाबीन का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। कृषक बंधु उक्त अवधि भावान्तर भुगतान पंजीयन अंतर्गत सोयाबीन विक्रय हेतु मण्डी में न लाएं।उक्त अवधि में गैर भावान्तर अंतर्गत सोयाबीन तथा अन्य कृषि उपजों की नीलामी कार्य पूर्ववत जारी रहेगा।

### राज्य कर्मचारी संघ की बैठक की गई आयोजित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक ईसागढ़ की बैठक का आयोजन रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ के बैठक कक्ष में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के जिला मंत्री प्रदेश महामंत्री भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट महासंघ मध्यप्रदेश के हरिसिंह रघुवंशी(हैरी) एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अशोकनगर के जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

---

### करैरा में कार्रवाई से रेत माफिया में मच गया हड़कंप

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को एसडीएम निंगवाल ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा



अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने करैरा में एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने झांसी रोड मंडी क्षेत्र में दौरे के दौरान अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। यह कार्रवाई उस समय की गई जब एसडीएम स्वयं क्षेत्रीय निरीक्षण पर थे और उनकी नजर संदिग्ध रूप से रेत से लदे ट्रैक्टर पर पड़ी। एसडीएम निंगवाल ने मौके पर ही ट्रैक्टर को रुकवाकर चालक से रेत परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान चालक कोई भी अधिकृत रॉयल्टी पर्ची अथवा परिवहन अनुमति पत्र उपलब्ध नहीं करा सका। दस्तावेजों के अभाव में ट्रैक्टर को अवैध रेत परिवहन का दोषी मानते हुए तत्काल जब्त कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई में करैरा तहसीलदार कल्पना शर्मा भी एसडीएम के साथ मौजूद रहीं। दोनों अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई से मौके पर मौजूद लोगों में प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए करैरा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।


गौरतलब है कि बीते 48 घंटों के भीतर प्रशासन द्वारा अवैध रेत के खिलाफ यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले करैरा और दिनारा क्षेत्र में भी अवैध रेत उत्खनन व परिवहन को लेकर दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की जा चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अवैध रेत उत्खनन और परिवहन से न केवल शासन को राजस्व की हानि होती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए करैरा अनुविभाग में सतत निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। एसडीएम अनुराग निंगवाल ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। नागरिकों का कहना है कि यदि इसी तरह सख्ती जारी रही तो अवैध रेत कारोबार पर प्रभावी रोक लग सकेगी। एसडीएम निंगवाल ने चेतावनी दी है कि आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और दोषियों पर कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

---

सड़कों पर उतरकर जनसेवा की नई परिभाषा लिख रही पुलिस

## कानून, कर्तव्य और करुणा का जीवंत उदाहरण बने थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दिनारा



दिनारा आज के समय में जब पुलिस को लेकर आमजन के मन में कई प्रकार की भ्रांतियाँ देखने को मिलती हैं, ऐसे दौर में थाना प्रभारी दिनारा रविद्र सिंह कुशवाहा ने अपने कार्यों से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ हो, तो पुलिस न केवल कानून की रक्षक बनती है बल्कि समाज की मार्गदर्शक भी बन सकती है। नववर्ष के अवसर पर थाना प्रभारी दिनारा रविद्र सिहं कुशवाहा द्वारा पुलिस बल के साथ नगर में निकाला गया पैदल मार्च केवल एक औपचारिक कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह आमजन में सुरक्षा, विश्वास और जागरूकता का सशक्त संदेश था। पैदल मार्च के दौरान उन्होंने सराफा बाजार, व्यावसायिक क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर व्यापारियों से सीधा संवाद किया और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता तथा आपसी सहयोग के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

विशेष रूप से जिन दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं पाए गए, वहां थाना प्रभारी ने न केवल नियमों की जानकारी दी, बल्कि अत्यंत शालीनता एवं सौम्यता से उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण लगाने के लिए प्रेरित किया। यह उनकी कार्यशैली का ही परिणाम है कि लोग डर से नहीं, बल्कि विश्वास से पुलिस के साथ खड़े नजर आए। थाना प्रभारी रविद्र सिंह कुशवाहा की सोच केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे भविष्य निर्माण को भी उतनी ही गंभीरता से लेते हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरियों एवं अध्ययन केंद्रों का निरीक्षण किया। वहां अध्ययनरत बच्चों एवं बालिकाओं से संवाद कर उन्हें कानून संबंधी जानकारी दी, साथ ही उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित किया।

कोचिंग संचालकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे, अनुशासित वातावरण और बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो। यह दर्शाता है कि थाना प्रभारी केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा को लेकर भी सजग हैं। पैदल मार्च के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी विधिसम्मत कार्रवाई की गई, जिससे यह संदेश साफ गया कि कानून सबके लिए समान है। दो मोटरसाइकिल एवं एक ऑटो पर की गई चालानी कार्रवाई ने लापरवाह चालकों को भी चेताया कि सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रामेंद्र सिंह कुशवाहा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे कठोर कानून और मानवीय संवेदना के बीच संतुलन बनाकर चलते हैं। उनका व्यवहार न केवल पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भरोसे का प्रतीक बन चुका है। निस्संदेह, थाना प्रभारी दिनारा रविद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में दिनारा पुलिस एक नई पहचान गढ़ रही है

---

## कड़ोरा लोधी में आयोजित हुआ एफएलएन मेला, डीपीसी ने की प्रस्तुतियों की सराहना



**करैरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय कड़ोरा लोधी में आयोजित प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्यात्मक समझ मेला एक अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम बनकर उभरा, जिसमें जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर पूरे आयोजन का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा भाषा और गणित विषयों पर आधारित तैयार की गईं मौलिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को ध्यान से देखा तथा शिक्षकों के निरंतर प्रयासों की भरपूर प्रशंसा करते हुए जोर देकर कहा कि शुरूआती कक्षाओं में मजबूत साक्षरता और ठोस संख्यात्मक समझ ही हर विद्यार्थी के शैक्षिक सफर की सबसे मजबूत आधारशिला बनाती है।

इस मेला के जरिए बच्चे खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया में पूरी तरह डूब गए, जो शिक्षा को अधिक जीवंत एवं आकर्षक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

मेले के दौरान छात्रों ने स्वयं हाथों से निर्मित शैक्षिक मॉडल, रंग-बिरंगे चार्ट, मनोरंजक भाषा-गणित खेल, विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्रियां तथा अनेक रचनात्मक प्रदर्शनियां प्रस्तुत कीं, जिन्होंने वहां मौजूद अभिभावकों, शिक्षकों और अन्य अतिथियों को गहरे प्रभावित किया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल बच्चों की कल्पनाशीलता और सृजन क्षमता को सामने लाया, बल्कि शिक्षा को रोचक एवं व्यावहारिक बनाने के प्रयासों को भी नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम के बाद दफेदार सिंह सिकरवार ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय कड़ोरा लोधी में सजाई गई जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रयोगों की जीवंत प्रस्तुति तथा नवीनतम विचारों की खुलकर तारीफ की और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अत्यंत प्रशंसनीय बताया। इस अवसर पर जिला मेला प्रभारी आशीष वर्मा, खंड संसाधन केंद्र समन्वयक विनोद तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक मुकेश पाठक, खंड अकादमिक समन्वयक महेश कुमार लोधी एवं अनिल चौरसिया, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी अमोल सिंह यादव, केंद्र अकादमिक समन्वयक ललेंद्र पारस सहित विद्यालय परिवार, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

बीना कप के 7वें दिन पहले राउंड 4 व दूसरे राउंड का 1 रोमांचक मुकाबला

## हिंडोरिया ने 6 ओवर में बनाए 25 रन, जवाब में धनौरा ने सात गेंदों में हासिल कर ली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





बस स्टैंड के सामने चल रहे स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट ₹बीना कप₹ के सातवें दिन पहले राउंड के 4 व दूसरे राउंड का 1 रोमांचक मुकाबला हुआ। सातवें दिन का पहला मैच निखिल इलेवन और हंटर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें निखिल इलेवन विजय रही।

टीम की ओर से गौरव में तीन विकेट लिए जो मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच हिंडोरिया और बहरोल के बीच हुआ। हिंडोरिया ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार जीत दर्ज की, रवि मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा मैच धनोरा टाइगर और शिव मंदिर विदिशा के बीच खेला गया। धनौरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 120 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए शिव मंदिर विदिशा केवल 39 रन ही बना सकी और यह मैच धनोरा ने जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच अजय गुर्जर रहे। चौथा मैच राहतगढ़ और कुरवाई के बीच हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए राहतगढ़ के बल्लेबाजों ने 91 रन बनाए। जबाव में रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कुरवाई के बल्लेबाजों ने आठ ओवर में 4 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे राउंड का पांचवा मैच धनौरा टाईगर और हिंडोरिया के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंडोरिया ने 6 ओवर में 25 रन बनाए। जवाब में धनौरा टाईगर ने मात्र 7 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया, मोहित मैन ऑफ द मैच रहे। छठवां मैच कुरवाई इलेवन और निखिल इलेवन के बीच हुआ, जिसमें कुरवाई विजय रही। सातवें दिन टूर्नामेंट में बीना कुर्मी क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ मुरलीधर पटेल, विशाल पटेल मंडल अध्यक्ष मंडीबामोरा, हरगोविंद कुर्मी, सुनील पुजारी, मुकेश पटेल भानगढ़, एड. रतिराम, देवेन्द्र कुर्मी, आनंद पटेल खिलान पटेल सामाजिक वरिष्ठ बंधू उपस्थित होकर स्व.पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र के पुष्पांजलि अर्पित की। मैच मे अंपायर महेंद्र यादव, राजेश मिश्रा रहे। कामेंटर अकरम अली एवं स्कोरर शुभम कश्यप, रोहित, नीतेश, राघव रिटोरिया रहे।

### आज के मुकाबले- टूर्नामेंट के आठवें दिन बुधवार को

सागर इलेवन, सागर इतवारी इलेवन, टीकमगढ़ इलेवन, होशंगाबाद इलेवन, बीना विक्टोरिया इलेवन और बीना इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे।

---

## नेशनल जुजीत्सु चैंपियनशिप उत्तराखंड में खिलाड़ियों ने 34 मैडल्स जीत रचा इतिहास



**अशोकनगर।** भारतीय जुजीत्सु संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर जुजीत्सु प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सब जूनियर, जूनियर, बॉयज और गर्ल्स अलग अलग आयु एवं भार वर्ग में 100खिलाड़ियों के दल में अशोकनगर के 27 खिलाड़ियों का चयन किया गया था जिसमें अशोकनगर के जुजीत्सु खिलाड़ियों के द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में 6 गोल्ड और 11 सिल्वर, 15 कांस्य पदक सहित 34 मैडल जीतकर जिले अशोकनगर का और प्रदेश का गौरव बढ़ाया हैं।

प्रतियोगिता में पदक विजेताओं में गौरांश चैरसिया एक गोल्ड एक सिल्वर, ध्रुव लोधी दो गोल्ड,सोनाली पाल ने एक गोल्ड, एक कांस्य,हर्षवर्धन दसोरिया एक सिल्वर,अनुरीत कौर दो कांस्य,शिवन्या चैरसिया एक सिल्वर, उदयवीर केवट एक सिल्वर, निकुंज तिवारी एक सिल्वर, एक कांस्य,नमनप्रीत सिंह दो सिल्वर, आयुष्मान रजावत एक कांस्य अवरीत कौर एक कांस्य,पूनम शर्मा दो कांस्य, अंशिका त्रिवेदी एक ब्रॉउंज,एक सिल्वर, अनुराग बरहा एक ब्रॉउंज, दिशार्थ धुरेंटे एक ब्रॉउंज, शिवार्थ धुरेंटे एक ब्रॉउंज, हरिओम यादव एक ब्रॉउंज, गुरदास सिंह एक, अमरदीप गिल एक ब्रॉउंज, नैन्सी यादव सिल्वर, अवरीत कौर-स्वर्ण पदक अभिजीत राय -स्वर्ण पदक राजदीप सिंह पन्नू - रजत पदक देवस्य गुप्ता रजत पदकदृस्टि रघुवंशी -कांस्य पदक वरदांश मधुकर ने -कांस्य पदक जीता।

हर्षित यादव, अंसदीप सिंह पन्नू, चरणदीप सिंह, गुरनूर सिंह, हरलीन कौर, गुरजोत सिंह, अवनि सुमन, सिद्धि यादव देवांश सेन, पदक से एक एक कदम दूर रहे। खिलाड़ियों ने यह शानदार प्रदर्शन मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्डी एन.आई.एस.कोच ब्रजेश धुरेंटे,के मार्गदर्शन में किया टीम विशेष सहयोगी रहे विनोद पाल एवं टीम मैनेजर राधा ओझा, सोनम केवट महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, नगर बापसी पर खिलाड़ियों का रोटरी क्लब अशोकनगर में जोरदार स्वागत किया गया जिसमें विशेष रूप से,वुशू संघ के उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र रघुवंशी, रोटरी अध्यक्ष अजित जैन, रौशन कोहली ने बच्चों क़ो सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया। प्रतियोगिता 23 दिसंबर तक हल्द्वानी के आई.जी.आई. स्पोट्र्स काम्प्लेक्स में चल रही हैं खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर भारतीय जुजीत्सु संघ के अध्यक्ष विनय जोशी, सचिव अमित अरोरा, सहित मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालक रवि गुप्ता, मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, जिला अध्यक्ष दया सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया आदि ने बधाइयां दी हैं।

---

समस्याओं के निराकरण की मांग की

## परामर्शदात्री समिति की बैठक में शिक्षक संगठनों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर डी एन सिंह ने की। इस मौके पर शिक्षकों से जुड़े विभिन्न संगठनों ने समस्याओं के निराकरण को लेकर सुझाव दिए।

### शिक्षक संघ ने समस्याओं से अवगत कराया

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने कहा कि ईसागढ़ ब्लॉक में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं एवं जिन्हें क्रमोन्नति मिल गई है,उन्हें वेतन बढ़ाकर लाभ दिया जाए। कई शिक्षक क्रमोन्नति आदेश का इंतजार कर रहे है तो जिनको क्रमोन्नति आदेश मिल गए, वह एरियर का इंतजार कर रहे है। माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश जारी किए जावे। ऐसा न होने से उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वर्ष 2001 में पदस्थ शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी किए जाए। प्रयोगशाला सहायक परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के आदेश जारी किए जाएं। बीएसी, सीएसी से प्रतिनियुक्ति समाप्ति के बाद संबंधित शिक्षकों की पदस्थापना काउंसलिंग के द्वारा विद्यालयों में रिक्त स्थानों पर की जाए।

### कर्मचारी कांग्रेस ने कई सुझाव बैठक में दिए

1. अशोकनगर जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के प्रभारी प्राचार्य वरिष्ठता के आधार पर बनाये जायें। यह बिन्द परामर्शदात्री की पिछली 5 बैठकों से रखा जा रहा किन्तु आज दिनांक तक इसका पालन नहीं किया गया है।

2 शिक्षा विभाग में एक ही स्थान पर एक ही कार्यालय में तीन साल से कार्यरत लिपिकों को बदला जावे।

3 समस्त्त् विभागों में 3 वर्ष से एक ही शाखा पर लिपिकों का नवीन शाखा कार्य विभाजन किया जाये।

4 दिव्याग कर्मचारियों के लिये जिला अस्पताल की लिफ्ट चालू करवाई जाये।

5. दिव्यांग कर्मचारियों के लिये शासकीय अस्पताल में दवा वितरण खिडकी अलग से बनाई जावे।

---

## श्री राम कथा की शुरुआत भगवान शिव-पार्वती के विवाह से की गई

**शाढ़ौरा।** मंगल मेरिज गार्डन में जारी श्रीराम कथा के दूसरे दिन प्रख्यात कथावाचक अष्टावक्र महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के अलौकिक विवाह प्रसंग का वर्णन किया। दुसरे दिन की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। महाराज ने कथा के माध्यम से जीवन के गूढ़ रहस्यों और भारतीय नारी के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**शिव के त्रिशूल में छिपा है विकारों पर नियंत्रण का संदेश** महाराज जी ने शिव के हाथ में मौजूद त्रिशूल की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि जब मनुष्य धर्म मार्ग पर चलता है, तो उसके हाथ में त्रिशूल होना चाहिए। इस त्रिशूल का अर्थ हैकृकाम, क्रोध और लोभ इन तीनों विकारों को अपनी मुट्ठी में बंद रखना। जिसके वश में ये तीन विकार हैं, वही वास्तव में शिव तत्व को समझ सकता है।



### शरीर की नश्वरता राख ही अंतिम सत्य

कथा के दौरान महाराज श्री ने शरीर की तीन गतियों के बारे में बताते हुए श्रद्धालुओं को संसार की नश्वरता का बोध कराया। उन्होंने कहा यदि शरीर त्याग के बाद पड़ा रहा, तो उसमें कीड़े पड़ जाएंगे।यदि किसी पशु ने खा लिया, तो वह विष्ठा (मल) बन जाएगा। और यदि विधिवत जलाया गया, तो मात्र दो मुट्ठी राख (भस्म) ही शेष रहेगी। कथा में भारतीय नारी के त्याग पर भी चर्चा की गई।

---

## संसार के कड़वे वचन रूपी विष को पीने वाला ही होता है कृष्ण जैसा महानः आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मोहरी धाम में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा सुनाते हुए अंतरराष्ट्रीय धर्म आचार्य जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेने के बाद सर्वप्रथम उतना का वध किया जबकि स्त्री वर्ग के योग को नहीं होती लेकिन आता ताई और अत्याचारी का वध जरूर करना चाहिए चाहे स्त्री हो या पुरुष इसी तरह राम अवतार में भी श्री राम ने सर्वप्रथम तड़का नामक राक्षसी जो स्त्री थी उसका वध किया भगवान धर्मात्मा की रक्षा करते हैं और दोस्तों को सजा देकर पृथ्वी से समाप्त करते हैं

उन्होंने कहा कि भगवान के जन्म का यही मूल उद्देश्य है साथ में भगवान भक्तों को भी सुख देते हैं बाल लीलाओं में भगवान श्री कृष्ण ने मां यशोदा को सबसे ज्यादा आनंद प्रदान किया क्योंकि पिता से 10 गुना ज्यादा अधिकार मां का होता है इसलिए मां यशोदा भगवान श्री कृष्ण को ओखला में बढ़ने लगी पर ज्ञान बुद्धि से बंधा तो भगवान बांधे नहीं दो अंगुल रस्सी कम पड़ गई जैसे भक्ति भाव से उन्होंने कृष्ण को बांधना चाहा तो बंधन में आ गए भगवान यह कहते हैं की भक्ति के नाते में बंधन में आ जाता हूं भक्तों के कारण ही भगवान मैं आकाश और आकाश और वक्तासुर धेनुकासूर आदि कंस के भेजे हुए सभी राक्षसों का नाश किया इसी क्रम में कथा को आगे बढ़ते देवमुरारी बापू ने कहा कि भगवान ने यमुना के गहरे जल में छिपे हुए कालिया नाग को भी यमुना से बाहर भगा दिया और यमुना के जल को विष से मुक्त किया और ब्रज वासियों को यमुना का जल पीने योग्य बना दिया भगवान श्री कृष्ण ने अभिमानी इंद्र का समाप्त अभियान समाप्त करने के लिए इंद्र की पूजा बंद कर कर गोवर्धन पूजा को प्रारंभ कराया और इंद्र का मान मर्दन किया।